चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर के प्रबन्ध मण्डल की 100वीं बैठक की कार्यवाही ।

दिनांक: फरवरी 5, 1996 समय: पूर्वान्ह 11.30 बजे

स्थान: कृषि निदेशालय का समिति कक्ष, लखनऊ ।

उपस्थिति :

| | |
|---|---|
| 1. डा0 इन्द्र पाल सिंह यादव, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. श्री जे0पी0त्रिपाठी, संयुक्त सचिव वित्त उत्तर प्रदेश शासन | सदस्य (प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि) |
| 3. श्री चन्द्र प्रकाश मिश्र, संयुक्त सचिव कृषि, उ0प्र0शासन । | सदस्य (कृषि सचिव के प्रतिनिधि) |
| 4. प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह | सदस्य |
| 5. श्रीमती संतोष कश्यप | सदस्य |
| 6. श्री हर गोविन्द कुशवाहा | सदस्य |
| 7. श्री सुन्दर लाल, अर्थ नियंत्रक | सचिव |

मद सं0-1: प्रबन्ध मण्डल की 8.12.95 को सम्पन्न हुयी 99वीं बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन

प्रबन्ध मण्डल ने गत बैठक दिनांक 8.12.95 की कार्यवाही पर अपना अनुमोदन प्रदान किया ।

मद सं0-2: वित्त उप समिति की बैठक दिनांक 26.12.95 में संस्तुत निम्न प्रस्तावों पर विचार ।

(1) विश्वविद्यालय में पी0-एच0डी0 शोध छात्रों को दी जाने वाली शोध छात्रवृत्ति के पुनरीक्षण पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने छात्रवृत्ति के पुनरीक्षण के प्रस्ताव पर अपना अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि इसकी वित्तीय स्वीकृति शासन से प्राप्त कर ली जाय ।

(2) कीटनाशक, रसायन एवं उर्वरक के परीक्षण शुल्क में वृद्धि का प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने कीटनाशक रसायन एवं उर्वरक के परीक्षण के वर्तमान शुल्क में दो गुना वृद्धि करने हेतु अनुमोदन प्रदान किया ।

(3) डा0 आई0पी0सिंह यादव, कुलपति को न्यूयार्क में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं उस पर हुये व्यय को भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 यादव को संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं भाग लेने पर हुये व्यय रु0 95,790.38 पैसे के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

(4) डा0 जे0पी0 यादव, निदेशक प्रसार को न्यूयार्क में आयोजित अन्र्राष्ट्रीय संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं उस पर हुये व्यय को भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 यादव को संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं भाग लेने पर हुये व्यय रु0 95,790.38 पैसे के भुगतान हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

........2/-

(5) डा0 ए0एन0 तिवारी, सह-प्राध्यापक, सस्य विज्ञान विभाग को जापान में आयोजित "पन्द्रहवीं एशियन पैसिफिक वीड साइंस कान्फ्रेंस" में भाग लेने की अनुमति एवं उस पर हुये व्यय को भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 तिवारी को उक्त संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं भाग लेने पर हुये व्यय रु0 39,293,31 पैसे के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की ।

(6) डा0 शरद कुमार यादव, सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलाजी एवं इम्यूनोलाजी विभाग, पशुपालन महाविद्यालय, मथुरा को स्विटजरलेण्ड में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय कांग्रेस में भाग लेने की अनुमति एवं उस पर हुये व्यय को भुगतान करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 यादव को उक्त संगोष्ठी में भाग लेने की अनुमति एवं भाग लेने पर हुये व्यय रु0 70,988.10 पैसे के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की ।

(7) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली द्वारा स्वीकृत गेहूँ फसल की बीमारी तथा कीट के सर्वेक्षण तथा मूल्यांकन हेतु तदर्थ योजना को संचालित करने के प्रस्ताव पर विचार ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने योजना चलाने हेतु अपना अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि योजना में प्राविधानित पदों पर नियुक्ति योजनावधि तक के लिये आवश्यक अनुबन्ध पत्र भराने के पश्चात् ही की जाये ।

(8) Agenda Note for accepting the grant offered by different organization for conducting research work in the Deptt. of Entomology.

---

प्रबन्ध मण्डल ने योजनाओं को चलाने हेतु अपना अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि योजना में प्राविधानित पदों पर नियुक्ति योजनावधि तक के लिये आवश्यक अनुबन्ध पत्र भराने के पश्चात् ही की जाये ।

(9) उ0प्र0शासन के अ0शा0पत्रांक-वे0आ0-1-1490/दस-101(एम)/89 दिनांक 2.7.92, जो उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0शासन को सम्बोधित है, को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में जो दिनांक 1.1.86 से पूर्व रु0 470-735 में कार्यरत कर्मचारियों को वेतनमान रु0 1200-2040 के स्थान पर रु01350-2200 का वेतनमान अनुमन्य किया जाना ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने रु0 1350-2200 का वेतनमान अनुमन्य कराने हेतु अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया कि इस प्रस्ताव पर शासन की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली जाये ।

10. समय वेतनमान स्वीकृत करने सम्बन्धी शासनादेश संख्या-वे0आ0-1-166/दस-12(एम)/95 दिनांक 8.3.95 को विश्वविद्यालय के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों पर लागू करने के प्रस्ताव पर विचार ।

---

प्रबन्ध मण्डल ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को समय वेतनमान अनुमन्य कराने का प्रस्ताव इस शर्त के साथ अनुमोदित किया कि इस पर शासन की स्वीकृति भी प्राप्त कर ली जाये ।

(11) श्री नरेन्द्र सिंह सचान, सहायक प्राध्यापक, तिलहन विभाग की पत्नी की चिकित्सा पर व्यय हुये रु0 10,512.86 पैसे मात्र के भुगतान पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने श्री सचान को रु0 10,512.86 पैसे मात्र के व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

(12) श्री अशोक कुमार सिंह, संगणक, कृषि अर्थशास्त्र के पत्नी की प्राइवेट संस्था, मरियमपुर अस्पताल, शास्त्रीनगर, कानपुर में करायी गयी चिकित्सा पर हुये व्यय रु0 6267.25 पैसे मात्र के भुगतान पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने श्री सिंह को रु0 6267.25 पैसे मात्र के व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

(13) डा0 एम0एम0 पाठक, पल्स ब्रीडर, दलहन अनुभाग के स्वयं की चिकित्सा पर हुये व्यय के भुगतान पर विचार ।

प्रबन्ध मण्डल ने डा0 पाठक को रु0 19,700/– मात्र के व्यय की प्रतिपूर्ति हेतु स्वीकृति प्रदान की ।

**मद सं0–3 : डा0 अशर्फी लाल, निलम्बित सहायक प्राध्यापक के विरुध्द चल रही जांच में जांच समिति द्वारा प्रस्तुत आख्या पर विचार ।**

प्रबन्ध मण्डल ने प्रस्ताव अगली बैठक में पूर्ण सूचना के साथ प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिया ।

**मद सं0–4 : अध्यक्ष की अनुमति से अन्य प्रस्ताव ।**

पूरक–1 : श्री महेन्द्र सिंह, सह प्रशिक्षक (एग्रोफारेस्ट्री) कृषि विज्ञान केन्द्र, मथुरा की इस कार्यालय के आदेश संख्या–सीएसयूएच–3365–70 दिनांक 16–11–95 द्वारा की गयी सेवा समाप्ति का अनुमोदन ।

प्रबन्ध मण्डल ने श्री सिंह की सेवा समाप्ति का प्रस्ताव अनुमोदित किया तथा निर्देश दिया कि यदि कोई वैधानिक औपचारिकता पूर्ण की जानी हो तो उसे भी पूरा कर लिया जाये ।

पूरक–2 : चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर का कृषि विश्वविद्यालय, पंतनगर की भाँति लखनऊ में एक कैम्प कार्यालय स्थापित किया जाना ।

प्रबन्ध मण्डल ने लखनऊ में कैम्प कार्यालय स्थापित करने का प्रस्ताव अनुमोदित किया ।

(सुन्दर लाल)
अर्थ नियन्त्रक एवं सचिव
प्रबन्ध मण्डल

**अनुमोदित**

कुलपति एवं अध्यक्ष
प्रबन्ध मण्डल